# बाढ़ से डूबी फसलें, शिवराज ने लिया जायजा

**अमृतसर, कपूरथला, गुरदासपुर के खेत जलमग्न**

**बाढ़ से तबाह हुए खेत, सरकार करेगी मदद**



**अमृतसर, 4 सितंबर लगातार भारी बारिश और नदी-नालों में उफान के चलते पंजाब के कई जिले जलमग्न हो गए हैं. सबसे ज्यादा असर अमृतसर, कपूरथला और गुरदासपुर में देखा जा रहा है.**

खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं. इस गंभीर स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को पंजाब पहुंचे. चौहान ने सबसे पहले अमृतसर जिले का दौरा किया, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों और स्थानीय लोगों से बातचीत की. किसानों ने बताया कि उनकी सालभर की मेहनत पानी में बह गई. खेतों में गेहूं, धान और मक्के की फसलें डूब चुकी हैं. चौहान ने उन्हें भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार हर संभव सहायता के लिए तैयार है. बाद में उन्होंने कपूरथला और गुरदासपुर जिलों का भी दौरा किया. इन इलाकों में स्थिति बेहद गंभीर है. गुरदासपुर में 324 गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं और 40,169 हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो चुकी है. इसी तरह कपूरथला में 123 गांव प्रभावित हैं और लगभग 3,000 हेक्टेयर भूमि पर पानी भर गया है. केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद हालात पर नजर बनाए हुए हैं. किसानों और बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद दी जाएगी. राज्य सरकार के मुताबिक, अब तक 37 लोगों की जान जा चुकी है और 1,655 गांव बाढ़ की चपेट में हैं.

> शिवराज ने कहा कि मेरे किसान भाई-बहनों का दु:ख मेरा अपना है. केंद्र सरकार हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ी है. राहत और पुनर्वास के हर कदम को प्राथमिकता दी जाएगी. शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं हालात की निगरानी कर रहे हैं और समय-समय पर अपडेट ले रहे हैं. जल्द ही केंद्र सरकार एक उच्च स्तरीय राहत पैकेज पर निर्णय लेगी. किसानों को बीमा और आर्थिक सहायता शीघ्र मिलेगी. केंद्र और राज्य सरकार मिलकर राहत एवं पुनर्वास कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन को भी सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं.

# कार्यकर्ता राहत कार्यों में जुटे : केजरीवाल

**दिल्ली में यमुना में बाढ़ का खतरा मंडराया**



**नई दिल्ली 4 सितंबर. दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान को पार कर गया है, जिससे कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है.**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक ट्वीट के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है. दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई निचले इलाकों में पानी भर गया है. मैं आप के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूँ कि प्रशासन के साथ मिलकर राहत व बचाव कार्यों में जुट जाएँ और हर ज़रूरतमंद तक मदद पहुँचाएँ. इस अपील के तुरंत बाद पार्टी के कई स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को भोजन, पानी, दवाइयां और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया. आप यूथ कोऑर्डिनेटर

**नवनीत सिंह नीतू के निधन पर जताया शोक:** आम आदमी पार्टी के यूथ क्लब हलका मानसा के कोऑर्डिनेटर नवनीत सिंह नीतू का एक दुखद सड़क हादसे में निधन हो गया. इस खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय समुदाय में शोक की लहर है. नवनीत सिंह पिछले कई दिनों से पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में सक्रिय रूप से लगे हुए थे. घटना की जानकारी मिलते ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स के माध्यम से संवेदनाएं प्रकट की.

> केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा- आम आदमी पार्टी यूथ क्लब, हलका मानसा के कोऑर्डिनेटर नवनीत सिंह नीतू जी के सड़क हादसे में निधन की खबर बेहद दुखद है. बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार सेवा करने वाले नवनीत जी हर कार्यकर्ता के लिए मिसाल थे. इस कठिन समय में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें.

# नीतीश ने 27 योजनाओं का किया शिलान्यास

**▶ सारण में 1203.81 करोड़ रुपये लागत की होंगे कार्य**



**पटना, 4 सितंबर (वार्ता). बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को सारण जिले में 1203.81 करोड़ रुपये लागत की 27 योजनाओं का शिलान्यास किया.**

कुमार ने छपरा के रतनपुर बिन टोलिया स्थित कार्यक्रम स्थल से सारण जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1203.81 करोड़ रुपये लागत की 27 योजनाओं का शिलान्यास किया. इसके अंतर्गत 545 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से के.बी. ग्रिड उपकेंद्र, छपरा एवं 132 के.बी. के संचरण लाइन का निर्माण कार्य, 60 करोड़ एक लाख रुपये लागत की एचटीएलएस द्वारा रिकन्डक्टरिंग का कार्य, 93 करोड़ 62 लाख रुपये लागत की एकमा - मशरख पथ का चौड़ीकरण कार्य एवं 41 करोड़ 66 लाख रुपये लागत की एकमा से डुमाइगढ़ तक पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है.

> सीएम ने विकासात्मक योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने से पहले छपरा के जगदम कॉलेज से खैरा बिन टोलिया तक किये जा रहे सड़क के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया. इस सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण होने से छपरा में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा. बिन टोलिया के पास बन रहे बस स्टैंड से रोड कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी. मुख्यमंत्री ने पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों के साथ संवाद किया.

## नागपुर में सौर इकाई में विस्फोट में एक की मौत

**नागपुर, 4 सितंबर (वार्ता).** नागपुर से लगभग 40 किलोमीटर दूर, बाजारगांव स्थित सौर संयंत्र में शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच कर्मचारी घायल हो गए. जिनमें से तीन की हालत गंभीर है. कंपनी की पीपी-15 इकाई में रात लगभग 12.34 बजे विस्फोट हुआ, जिसमें 25 वर्षीय सुपरवाइजर मयूर गणवीर की मौत हो गई. कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में पांच कर्मचारी झुलस गए. उन्हें नागपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है.

# यूक्रेन शांति में भारत की भूमिका अहम : ईयू

**नई दिल्ली/ब्रसेल्स 4 सितंबर. यूक्रेन युद्ध के चलते पैदा हुई वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत की भूमिका को अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुले तौर पर सराहा जा रहा है.**

इसी क्रम में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच गुरुवार को टेलीफोन पर महत्वपूर्ण बातचीत हुई. इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर विचार-विमर्श किया और वैश्विक शांति की दिशा में भारत की भूमिका को निर्णायक बताया. प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर भारत की ओर से शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की और इस बात पर ज़ोर दिया कि सभी पक्षों को संवाद के जरिए समाधान निकालने की जरूरत है. बातचीत में यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते को लेकर भी प्रगति की बात कही गई और वर्ष के अंत तक बातचीत पूरी करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई. वॉन डेर लेयेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी के साथ सार्थक बातचीत हुई. हम यूक्रेन में राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ भारत के सहयोग का स्वागत करते हैं. भारत इस संघर्ष को समाप्त करने में एक अहम भूमिका निभा सकता है.

> उन्होंने आगे कहा कि यह युद्ध सिर्फ क्षेत्रीय मुद्दा नहीं, बल्कि वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए भी एक बड़ा खतरा है। उन्होंने बताया कि यूरोपीय संघ भारत के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और गहरा करना चाहता है। इसके तहत 2026 में प्रस्तावित शिखर सम्मेलन में एक संयुक्त रणनीतिक एजेंडे पर सहमति बनाने की योजना है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय एक स्थायी समाधान की तलाश में है। भारत, जो अब तक दोनों पक्षों से संवाद में संतुलन बनाए रखे हुए है, वैश्विक मंच पर शांति के लिए एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में उभरता दिख रहा है।

## कोर्ट में याचिका स्थानांतण करने का केंद्र का अनुरोध

**नई दिल्ली, 4 सितंबर (वार्ता).** केंद्र सरकार ने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 के प्रचार और विनियमन को चुनौती देने वाली याचिकाओं को उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित करने की गुहार लगायी है. शीर्ष अदालत में दायर याचिका में संबंधित याचिकाओं को 3 उच्च न्यायालयों से उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है ताकि परस्पर विरोधी फैसलों से बचा जा सके. याचिकायें कर्नाटक, दिल्ली और मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालयों में लंबित हैं.

## आज का इतिहास

1666 इंग्लैंड के शहर लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।

1836 मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।

1839 चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत

1882 पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।

1885 अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना

1887 इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने रूसी समकक्ष को दी परोक्ष धमकी



**वाशिंगटन, 4 सितंबर (वार्ता). अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के संबंध में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिए गए अपने संदेश के बारे में पूछे जाने पर चेतावनी जारी की.**

ट्रंप ने बुधवार को ओवल ऑफिस से कहा, राष्ट्रपति पुतिन के लिए मेरा कोई संदेश नहीं है. वह जानते हैं कि मैं किस स्थिति में हूँ, और वह किसी न किसी तरह से कोई न कोई फैसला लेंगे. उनका जो भी फैसला होगा, हम या तो उससे खुश होंगे या नाखुश, और अगर हम उससे नाखुश हैं, तो आप देखेंगे कि क्या होगा, राष्ट्रपति ने परोक्ष धमकी देते हुए कहा. रूस के खिलाफ प्रशासन की अब तक की कार्रवाइयों या उनकी कमी के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप स्पष्ट रूप से उत्तेजित हो गए. ट्रंप ने कहा, आपको कैसे पता कि कोई कार्रवाई नहीं हुई है? क्या आप कहेंगे कि चीन के अलावा सबसे बड़े खरीदार भारत पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाना लगभग बराबर है.

# 'अगर बिना दांत के बाघ है तो इसका उद्देश्य क्या है?' : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, 4 सितंबर (वार्ता). उच्चतम न्यायालय ने फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज के लिए समान संहिता (यूसीपीएमपी) 2024 के संबंध में गुरुवार को सवाल किया कि अगर यह संहिता एक बिना दांत का बाघ है तो इसका उद्देश्य क्या है?**

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वास्तविक कठिनाई मानदंडों के कार्यान्वयन में है. पीठ ने दवाओं के प्रचार के किसी भी अनैतिक तरीके पर अंकुश लगाने के मद्देनजर दवा कंपनियों की विपणन प्रथाओं के लिए एक समान संहिता की मांग वाली इस याचिका पर सुनवाई के दौरान और भी कई सवाल किये. केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिका में की गई गुहार का अब कोई मतलब नहीं रह गया, क्योंकि एक वैधानिक व्यवस्था पहले से ही लागू है. इस पर पीठ ने कहा, मुश्किल यह है कि व्यवस्था तो मौजूद है.

# जीएसटी से जेब पर अतिरिक्त बोझ : खड़गे

**▶ कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर लगाया आरोप**

**नई दिल्ली 4 सितंबर. कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर केंद्र की मोदी सरकार पर वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा गया है कि मोदी सरकार ने जिस वन नेशन, वन टैक्स का वादा किया था, उसे वन नेशन, 9 टैक्सेस में बदल दिया है.**

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मौजूदा जीएसटी प्रणाली ने गरीबों और मध्यम वर्ग की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाला है. ट्वीट में लिखा गया- दूध-दही, आटा-पेंसिल-किताबें, ऑक्सीजन, अनाज, इंश्योरेंस, अस्पताल इन सभी ज़रूरी चीज़ों पर मोदी सरकार ने जीएसटी थोपा है. इसीलिए हमने इसे 'गब्बर सिंह टैक्स' कहा था. मल्लिकार्जुन खड़गे का आरोप है कि मौजूदा जीएसटी में 0%, 5%, 12%, 18%, और 28% जैसे मुख्य टैक्स स्लैब के अलावा 0.25%, 1.5%, 3% और 6% जैसी विशेष दरें भी हैं, जो सरलीकरण के वादे के खिलाफ हैं.

मोदी सरकार की जीएसटी प्रणाली ने टैक्स को सरल नहीं, उलझा दिया है. स्मॉल-मीडियम-इंडस्ट्री (रूस्स्ध्ह्य) और छोटे व्यापारियों को इसका सबसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा है.

> मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह भी बताया कि 28 फरवरी 2005 को यूपीए सरकार ने लोकसभा में जीएसटी की औपचारिक घोषणा की थी और 2011 में प्रणब मुखर्जी जीएसटी बिल लेकर आए थे. लेकिन उस समय भाजपा और तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका विरोध किया था. मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार के रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन को लेकर भी हमला बोला है. आज यही भाजपा सरकार आम जनता से टैक्स वसूल कर जश्न मना रही है, जैसे कोई बहुत बड़ा काम कर दिया हो. जीएसटी का 64% हिस्सा गरीब और मिडिल क्लास से आता है, जबकि अरबपतियों से सिर्फ़ 3%. कांग्रेस ने सभी राज्यों को 2024-25 को आधार वर्ष मानकर अगले 5 वर्षों तक मुआवज़ा देने की मांग की है ताकि जीएसटी दरों में संभावित कटौती से उनके राजस्व को नुकसान न हो.



# गवई ने मानव गरिमा को बताया संविधान की आत्मा



**नई दिल्ली, 4 सितंबर. भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि उच्चतम न्यायालय के शीर्ष पद तक पहुंचने का श्रेय भारतीय संविधान और डॉ. भीमराव अम्बेडकर को दिया है.**

डॉ. एलएम सिंघवी स्मृति व्याख्यान के 11वें संस्करण में उन्होंने गरिमा, समानता और न्याय के संवैधानिक मूल्यों पर गहन विचार रखते हुए कहा कि मानव गरिमा ही संविधान की आत्मा है. इस अवसर पर उन्होंने भारतीय न्यायपालिका द्वारा गरिमा की रक्षा में दिए गए ऐतिहासिक फैसलों का उल्लेख भी किया. भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित 11वें डॉ. एलएम सिंघवी स्मृति व्याख्यान में भावुक और प्रेरणादायक भाषण देते हुए कहा कि उनका आज उच्चतम न्यायालय तक पहुँचना भारतीय संविधान और बाबासाहेब अम्बेडकर की दूरदर्शिता का परिणाम है.

# कर्मचारियों को अब 10 घंटे काम करना होगा

**महाराष्ट्र में श्रम कानूनों में हुआ बदलाव**



**मुंबई, 4 सितंबर (वार्ता). महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में श्रम कानूनों में किए गए महत्वपूर्ण संशोधनों के बाद अब निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को रोजाना नौ घंटे की बजाय 10 घंटे काम करना होगा.**

आयोजित महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्रीय कार्यबल की सिफारिशों के आधार पर इन बदलावों को मंजूरी दी गई. श्रम कानूनों में हुए इस बदलाव के बाद अब वह कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा जैसे राज्यों की श्रेणी में आ गया है. जिन्होंने पहले ही इसी तरह के सुधार लागू कर दिए हैं. फैक्ट्री अधिनियम 1948 में संशोधनों से कई बड़े बदलाव हुए हैं, जिनमें उद्योगों में दैनिक कार्य घंटे नौ से बढ़ाकर 12 घंटे करना शामिल है. अब लगातार छह घंटे काम करने के बाद विश्राम अवकाश अनिवार्य है, जो पहले पांच घंटे था राज्य में श्रम कानूनों में हुए इस संशोधन के बाद ओवरटाइम की सीमा को प्रति तिमाही 115 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे कर दिया गया है.

> राज्य में श्रम कानूनों में हुए बदलाव के बाद अब ओवरटाइम काम करने के लिए श्रमिकों की अनिवार्य लिखित सहमति आवश्यक होगी तथा किसी भी श्रमिक को उनकी सहमति के बिना ओवरटाइम कार्य करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता. महाराष्ट्र दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम 2017 के अंतर्गत आने वाले व्यवसायों के लिए दैनिक कार्य समय नौ से बढ़ाकर 10 घंटे कर दिया गया है. साथ ही ओवरटाइम की सीमा प्रति तिमाही 125 से बढ़ाकर 144 घंटे कर दी गई है. आपातकालीन ड्यूटी की अवधि बढ़ा दी गई है जो अब 12 घंटे की होगी.

## भावनगर में 350 करोड़ की लागत से बनेंगे 40 रोड अंडर ब्रिज

**भावनगर, 4 सितंबर.** पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर मण्डल में लगभग 350 करोड़ रुपये की लागत से 40 रोड अंडरब्रिज बनाये जायेंगे. मंडल रेल प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा भावनगर मण्डल पर विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिन पर लगभग 350 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे. इन कार्यों में लिमिटेड हाइट सबवे/रोड अंडर ब्रिज एवं अन्य संरचनात्मक विकास कार्य आदि शामिल है. इसके अतिरिक्त 40 नये ब्रीज बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिये गये हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा.


**कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन**

*छत्रपति शिवाजी भवन, आगर रोड उज्जैन,*

**(Online) निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञप्ति क्रमांक: 8/Simhast Cell/2025/344 उज्जैन, दिनांक : 25.08.25

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र अ (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम.पी. गवर्नमेंट व सिरियल क्र. 1 का टेंडर फार्म का मूल्य **50,000/-** रहेगा।

सिरियल क्र. 1 ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक **24.09.2025** समय 17.00, ऑनलाईन ईएमडी राशि एवं समस्त दस्तावेज **Submission** करने की अंतिम दिनांक **24.09.2025** समय 17:00 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाईट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑनलाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल | अर्नेस्टमनी रुपए | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | 2025_UAD_446665_1 | गाड़ी अड्डा चौराहे से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर तक एम.आर. 4 रोड चौडीकरण | 43,22,75,965/- | 02.08.2021 UADD ISSR SOR and ITEM RATE | 21,61,380/- | 730 दिन |

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम**
**उज्जैन**



**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल
श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**संस्था स्तर की काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (वास्तुकला परिषद), नई दिल्ली द्वारा जारी Circular Letter Dated 27.08.25 Extension of last date for admission to B.Arch, M.Arch and Diploma Programmes के परिपालन में

**(मध्यप्रदेश के शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र संस्थानों में संचालित, (COA) द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम)**

**प्रवेश हेतु उपलब्ध पाठ्यक्रम**

**डिप्लोमा आर्किटेक्चर (Diploma Architecture)**
**बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (B. Arch.) पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**
**स्नातकोत्तर आर्किटेक्चर (M. Architecture) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**

**समय सारणी**

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश का अवसर प्राप्त करना |
|---|---|
| 05.09.2025 से 10.09.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 11.09.2025 एवं 12.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से |
| 13.09.2025 से 21.09.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 22.09.2025 एवं 23.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से |
| 23.09.2025 से 30.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 29.09.2025 एवं 30.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

**महत्वपूर्ण:-**

- प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर उपरोक्त दर्शायी गई तिथियों पर प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये इच्छुक संस्था में प्रातः 10:30 बजे स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक है। तत्पश्चात मेरिट के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची इत्यादि, वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

**प्रवेश निरस्त**

- **प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।**
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
म.प्र. माध्यम/121899/2025 **तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**